तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 16 मई 2024

12 रंग बिरंगी पोशाकों में छात्रों ने किया डांस


12 एआरओ ने दिया मतदाता पहचान पत्र, मतदान की अपील


## खबर संक्षेप

### 792 नशीले कैप्सूल सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव क्षेत्र नजदीक अंडर ब्रिज रेलवे कॉलोनी से नशीले कैपसूल्ज की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी मनदीप उर्फ रिंकू को काबू किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। नशा सप्लाई के लिए रेलवे कॉलोनी छावनी से होता हुआ रेलवे फाटक की तरफ नशा तस्करी के लिए आएगा। सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को अंडर ब्रिज रेलवे कॉलोनी से काबू किया। तलाशी लेने पर उससे 99 पत्ते (कुल 792 नशीले कैप्सूल्ज) बरामद हुए।

### 12 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरूप्रीत सिंह को 12 बोतल व 03 पव्वे अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू किया है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से शराब जब्त की गई।

### छात्र को पीट-पीटकर अधमरा किया

**पानीपत।** जीटी रोड पर टैक्सी स्टैंड पर एक निजी स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र वरूण शर्मा निवासी गांव कुराड जिला पानीपत पर हमला करके गंभीर रुप से घायल कर दिया गया। पहले से घात लगाए खड़े सात युवकों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला किया। हमले में वरूण के सिर समेत अन्य जगहों पर गहरी चोट लगी। उसने बचाव के लिए शोर मचाया तो हमलावर मौके से फरार हो गए। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने कृष, मुकुल दहिया व इनके साथियों पर केस दर्ज कर लिया है।

### गहने लेकर विवाहिता संदिग्ध हालात में फरार

**पानीपत।** पानीपत के गांव ददलाना निवासी विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में घर से चली गई। महिला अपने साथ घर में रखे आधा तोला वजनी सोने की बालियां, एक तोला वजनी मंगलसूत्र, आधा तोला वजनी सोने की 2 अंगूठी, 8 तोला वजनी चांदी की पाजेब, चांदी के बिछुए और करीब 60 हजार की नकदी भी साथ ले गई। लड़की के मायका पक्ष वालों ने दामाद को धमकी दी कि या तो उनकी बेटी को ढूंढ दें, नहीं तो वे उसे जान से मार देंगे।

### आईबी कालेज की छात्राएं केयू की मेरिट में शामिल

**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय की छात्रा वंशिका ने बीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 5वां स्थान एवं छात्रा शालू ने 12वां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया । कॉलेज प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने कहा कि इस तरह के परिणाम आने वाले जीवन में उन्हें सफलता दिलवाने में सहायक होता है।

## खेत में मिले युवती के शव मामले में पुलिस ने किया खुलासा

# भतीजी के साथ दुष्कर्म के प्रयास का विरोध करने पर चाचा ने की थी हत्या

- चौधरी देवीलाल आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने खेत में खून से लथपथ मिला था युवती का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

चौधरी देवीलाल आयुर्वेदिक कालेज के सामने खेत में जिस 19 वर्षीय युवती का खून से लथपथ शव मिला, उसकी हत्या उसके चाचा भगवानदास उर्फ रूपेश ने की थी। मृतक युवती आरोपी की भतीजी थी।

आरोपी उस पर गलत नजर रखता था। नौ मई को दवाई दिलवाने के बहाने ले जाकर आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया था, मगर युवती के विरोध करने पर आरोपी ने गला रेतकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। शहर जगाधरी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि बूडिया रोड पर चौधरी देवी लाल आयुर्वेदिक कालेज के सामने विकास विनायक का खेत है। नौ मई की सुबह आसपास के लोगों ने खेतों में युवती का शव मिला था। युवती का गला रेता हुआ था और उसके मुंह से भी खून निकल रहा था। जिस पर पुलिस ने गांव चनेटी निवासी अशोक कुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। मामले में कई दिन तक युवती की शिनाख्त नहीं हुई थी। पुलिस ने अब मामले में युवती के चाचा भगवान दास उर्फ रूपेश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब आरोपी से सख्ती से बात की उसने हत्या करने की बात कबूली। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपनी भतीजी पर गलत नजर रखता था। आरोपी कई बार उसके साथ अश्लील हरकत कर चुका था लेकिन वह विरोध कर देती थी। इस बीच युवती की मां गांव बिहार चली गई थी। घर पर युवती अकेली थी।



**यमुनानगर।** कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाने से पूर्व जगाधरी पुलिस की गिरफ्त में भतीजी की हत्या का आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

### कोर्ट से आरोपी को रिमांड पर लिया

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। कोर्ट से आरोपी को रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से हत्या में प्रयोग किए गए चाकू को बरामद किया जाएगा।

### भतीजी को दवा दिलवाने के बहाने ले गया था आरोपी

भतीजी की एक दिन तबीयत खराब हो गई थी। उसका चाचा भगवानदास उर्फ रूपेश उसे दवाई दिलवाने के बहाने से बूडिया लेकर गया था। जिसके बाद आरोपी उसे सुनसान स्थान पर ले गया। जहां आरोपी ने उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। जब युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने चाकू निकालकर उसका गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी शव को खेत में फेंककर फरार हो गया था।

# मतदान के प्रति जागरुकता लाने की प्रशासन की पहल




**करनाल ।** हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर करते हुए।

- मतदाता सेल्फी स्टैंड पर फोटो खिंचवाकर कर सकते हैं सोशल साइट्स पर अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रशासन द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की है। जिसके तहत कॉलेज, पार्कों तथा शहर के प्रमुख स्थानों पर सेल्फी स्टैंड, लोकतंत्र की दीवार व हस्ताक्षर अभियान का बैनर लगाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह कार्य उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में एसीयूटी योगेश सैनी के नेतृत्व में स्वीप गतिविधियों के तहत टीम द्वारा किया जा रहा है। यह सेल्फी स्टैंड विशेषकर युवा मतदाताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए है। इन सेल्फी स्टैंड को बेहद खूबसूरत डिजाईन दिया गया है। इतना ही नहीं लोकतंत्र की दीवार पर महान स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र भी अंकित है। यह डिजाईन लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। इस सेल्फी स्टैंड के माध्यम से मतदाताओं को अहम जानकारियां देने का भी अनोखा प्रयास किया गया है।


इस सेल्फी स्टैंड पर वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 का प्रयोग करने, अपने लिए वोट करने और वोट देकर गौरवान्वित महसूस करने, चुनाव का पर्व देश का गर्व जैसे स्लोगनों से सुसज्जित करके लोगों को गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग सेल्फी स्टैंड पर फोटो खिंचवाएं और सोशल साइट्स पर अपलोड करें ताकि जिला निर्वाचन कार्यालय का संदेश जन-जन तक पहुंचे।

# बच्ची का अपहरणकर्ता 14 साल बाद काबू

- बच्ची को भीख मंगवाने के लिए उठाकर ले गया था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

थाना औद्योगिक क्षेत्र की एक कॉलोनी से फरवरी 2010 में 3 वर्षीय एक बच्ची को भीख मंगवाने के लिए उठाकर ले जाने वाले आरोपी को थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम मंगलवार को यूपी की कासगंज जेल प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी की पहचान रामअवतार निवासी ताजपुर एटा यूपी के रूप में हुई। पानीपत जिला पुलिस ने वारदात के 10 दिन के दौरान ही बच्ची को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया था। आरोपी रामअवतार मामले में 14 साल से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए भरसक प्रयासरत थी। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि गत 1 मई को आरोपी राम अवतार आर्म्स एक्ट के मामले में यूपी के कासगंज में पकड़ा गया। आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपी कासगंज जेल में बंद था। बीते दिनों थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस को इस बारे सूचना मिली। पुलिस टीम मंगलवार को आरोपी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। पूछताछ में आरोपी ने वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी से खुलासा हुआ उसने यूपी के एटा व कासगंज में विभिन्न स्थानों पर छुपकर फरारी काटी। पुलिस ने पूछताछ के बाद मंगलवार को आरोपी को न्यायायल में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि थाना सदर में फरवरी 2010 में थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था 2 फरवरी 2010 को उसकी 4 वर्षीय बेटी को उनके किरायेदार के पास रहने के लिया आया रामअवतार निवासी ताजपुर एटा यूपी भीख मंगवाने के लिए उठाकर ले गया। थाना सदर में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने बच्ची की तलाश व आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।



**पानीपत।** पुलिस की गिरफ्त में बच्ची का अपहरणकर्ता।

# बाइक चोर गिरोह पकड़ा, 6 वारदातों का खुलासा

- चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक कारावास भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

सीआईए वन पुलिस टीम ने बाइक चोरी व स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों की निशानदेही पर इनसे चोरीशुदा बाइक खरीदने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया। आरोपियों से बाइक चोरी की 2 व स्नेचिंग की 4 वारदातों का खुलासा हुआ। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के तीन युवक पैप्सी पुल के नीचे किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर तीनों युवको को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान श्यामरत्न पुत्र रामलाल, राम उर्फ सचिन पुत्र जयप्रकाश व दीपक पुत्र सतपाल निवासी गढ सरनाई के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने करीब डेढ महिना पहले आर्य नगर से एक स्पलेंडर बाइक चोरी कर अपने गांव निवासी अजीत पुत्र चंद्र को 5 हजार रुपए उधार में बेचने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में कृष्ण पुत्र राजबीर निवासी उग्राखेड़ी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। तीनों आरोपियों की निशानदेही पर आरोपी अजीत को चोरीशुदा बाइक के साथ टोल प्लाजा के नजदीक सागर ढाबा के पास से गिरफ्तार किया। सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने गिरोह के अपने दो अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर चोरीशुदा बाइक पर सवार होकर हथियार के बल पर स्नेचिंग की 4 व बाइक चोरी की 1 अन्य वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। उक्त वारदातों बार थाना सदर व थाना सेक्टर 13/17 में अभियोग दर्ज है। पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ आरोपी नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए तीनों आरोपियों ने गांव निवासी फरार अपने साथी आरोपी जीत व मंगल के साथ मिलकर एकाएक बाइक चोरी व स्नेचिंग की उक्त 6 वारदातों को अंजाम दिया। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा एक बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार को चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।



**पानीपत।** पुलिस की सीआईए वन की गिरफ्त में बाइक चोर गिरोह।

# फसल अवशेषों में आग लगाने पर 4 लोगों पर 10 हजार रुपये जुर्माना

**कुरुक्षेत्र।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुरेंद्र मलिक ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में फसल अवशेषों में आग लगाने वाले किसानों पर सेटेलाइट के साथ-साथ अन्य अधिकारियों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। हरसेक के माध्यम से जिले में अब तक 147 व अन्य माध्यम से 1 जगह पर फसल अवशेषों में आग लगाने की सूचना मिली है। इन 148 जगहों में 130 जगहों पर आग लगाने की सूचना सही मिली है, जिनमें 113 जगहों पर कृषि भूमि पर आग लगाई गई हुई मिली, जिसके तहत 4 केसों में लोगों के चालान करके 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है और 15 मामलों में कार्रवाई की जा रही है। डीडीए डा. सुरेंद्र मलिक ने विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी फसल अवशेषों में आग लगाने वालों पर अपनी पैनी निगाह रखेंगे और ऐसे लोगों के चालान कर उन पर जुर्माना लगाना भी सुनिश्चित करेंगे। इन आदेशों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए, सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखेंगे ताकि कोई भी व्यक्ति फसल अवशेषों में आग ना लगा सके। अगर कोई किसान या व्यक्ति फसल अवशेषों में आग लगाता है तो तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# पेड़ से कार टकराने पर युवक की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी-खारवन मार्ग पर भगवानपुर मोड के नजदीक अनियंत्रित होकर कार के पेड़ से टक्कराने पर उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई और उसके दो साथी गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक जगाधरी के सेक्टर 18 निवासी 30 वर्षीय विकास कुमार अपने दोस्त संयम व राघव के साथ दादुपुर से कार में वापस घर लौट रहा था। रास्ते में गांव खारवन के पास भगवानपुर मोड पर अचानक कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टक्करा गई। इस दौरान कार का अगला हिस्सा बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार विकास व उसके दोनों दोस्त गंभीर रुप से घायल हो गए। राहगिरों ने तीनों घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने विकास को मृत घोषित कर दिया और उसके दो अन्य साथियों को अस्पताल में भरती कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## नशीले इंजेक्शनों की खेप के साथ युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर कोरियर कंपनी के गोदाम के पास से नशा सप्लायर को नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन की खेप सहित गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। आरोपी के पास से 2400 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए। आरोपी की पहचान दुष्यंत निवासी करहंस के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया वह उक्त नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बिहार से कोरियर द्वारा मंगवाता है। पार्सल की डिलीवरी के लिए आरोपी अपना मोबाइल नंबर देकर पानीपत की किसी भी कॉलोनी का पता दे देता था। कंपनी में पार्सल आने पर कोरियर बॉय डिलीवरी देने के लिए फोन करता तो आरोपी कंपनी के गोदाम से खुद ही पार्सल को लेकर जाता था। आरोपी 25 रुपए प्रति इंजेक्शन के हिसाब से खरीदकर 50 से 70 रुपए प्रति इंजेशन बेचता था। आरोपी ने पूछताछ में 1 सप्ताह पहले गांव गांजबड़ निवासी राजपाल को नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शनों की खेप बेचने बारे स्वीकारा। आरोपी राजपाल ने भी नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन दुष्यंत से खरीदने बारे स्वीकारा था। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी दुष्यंत के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अभियोग दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 12 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा तस्करी के गिरोह में शामिल उसके साथी आरोपियों व सप्लायर के ठिकानों का पता लगाएगी।



## एचएफपीसी एफपीओ के साथ आईआईडब्ल्यूबीआर का एमओयू करार हुआ

# उच्च गुणवत्ता का गेहूं बीज उत्पादित करेगा किसान समूह

- किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य में कारगर साबित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर) व हार्टीकल्चर फार्मर्स प्रोड्यूसर समूह करनाल (एचएफपीसी एफपीओ) के बीच गेहूं के बीज उत्पादन को लेकर एमओयू करार हुआ है। संस्थान के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने एचएफपीसी के चेयरमैन डॉ. डीएस मलिक व डॉ. एसपी तोमर के साथ एमओयू साइन करते हुए खुशी जाहिर की कि यह किसान संगठन उच्च गुणवत्ता के बीजोत्पादन व प्रसार पर कार्य करेगा। डॉ. एसपी तोमर ने संस्थान का आभार व्यक्त किया। डॉ. तोमर ने बताया कि इस करार के तहत एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूर्स आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया) उन्नतशील बीजों का उत्पादन, प्रसार व प्रचार करेगा। बीजों की उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। करनाल जिले में इस एफपीओ का गठन वर्ष 2016 में नाबार्ड के माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ कार्पोरेट के तहत किया गया। अब इस किसान समूह में 700 किसान जुड़े हुए हैं।

किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए यह एफपीओ उपभोक्ताओं व किसानों के बीच सीधी भूमिका में है। जैविक कृषि पर जोर दिया गया है। किसान कीटनाशकों का अनियंत्रित तरीके से इस्तेमाल करते हैं जिस कारण खाद्य पदार्थों में जहर के अंश विद्यमान रहते हैं। इसलिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस एफपीओ ने नाबार्ड के साथ मिलकर कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की। वर्ष 2021-22 में एक परियोजना के तहत जिले में 500 किसानों की एक हजार एकड़ जमीन में बासमती धान पैदा की जिसमें वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन न्यायोचित तरीके से रसायन का इस्तेमाल किया गया। टेस्टिंग में उस चावल में जहर की मात्रा नहीं मिली। इस प्रोजेक्ट से प्रभावित होकर कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के तत्कालीन चेयरमैन डॉ. अंगामुथु 2022 में करनाल आए थे।



**करनाल।** एफपीओ के चेयरमैन डॉ. डीएस मलिक व वाइस चेयरमैन डॉ. एसपी तोमर के साथ एमओयू करार करते भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह।

# खेत में खड़ी गेहूं की फसल चोरी से काटी

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

गांव भमनौली में कर्ण सिंह द्वारा ठेके पर ली गई पंचायती भूमि से दो लोगों ने चोरी से गेहूं की फसल काट ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कर्ण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने एक एकड़ पंचायती जमीन दो साल के लिए ठेके पर ली हुई है। उसने उस खेत में गेहूं की फसल की बिजाई की हुई थी। गेहूं की फसल पक कर तैयार हो गई थी। 24 अप्रैल को अपने खेत में गया। खेत से वापिस घर आने के बाद अपने काम से बाहर चला गया। जब शाम को घर वापिस आया। अपने खेतों में जाकर देखा तो गेहूं की फसल कटी हुई मिली। उसने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि फसल को गांव के सुनील कुमार व कुलदीप कुमार उर्फ कमल ने चोरी से काट कर बेच दी । उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने गेहूं देने से मना कर दिया। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### किस्त के पैसे मांगने पर युवक पर किया हमला

**यमुनानगर।** पुराना हमीदा निवासी सूरज ने पुलिस को बताया कि वह मीना बाजार में मोंगा एम्पोरियम पर सेल्समैन है। उसका भाई खुशहाल कालरा पानीपत में स्क्रैप का काम करता है। उसके पास बाइक थी जो फाइनेंस पर ले रखी थी। उसके भाई खुशहाल ने अपनी बाइक अपने दोस्त खेड़ा मोहल्ला निवासी सोनू को दे रखी थी। सोनू ने एक महिने की किस्त देकर बाकि की किस्त नहीं दी। छह मई को वह सोनू के घर गया। सोनू से अपनी बाइक मांगी तो उसने झगड़ा शुरु कर दिया। सोनू ने अपनी मां व पिता के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। उसने सूचना पुलिस को दी।

### किसान सम्मेलन गैर राजनैतिक होगा : हाबडी

**पाई।** पाई में 19 मई को होने जा रहा किसान सम्मेलन गैर राजनैतिक होगा। इस आशय की जानकारी देते हुये भाकियू के राष्ट्रीय सलाहाकार अजीत सिंह हाबड़ी, प्रदेश के कार्यकारी प्रधान बलवान पाई ने बताया कि 19 मई को पाई की अनाज मंडी में जो किसान महापंचायत होगी, उसमें किसी भी पार्टी के नेता को न तो मंच सांझा करने दिया जायेगा और न ही बोलने दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसमें सिर्फ और सिर्फ किसानों के हित को लेकर चर्चा होगी और दाता सिंह बार्डर व सिंधु बार्डर पर चल रहे धरने को मजबूत करने पर भी विचार विमर्श होगा।

### जल्द शुरू होगी कालेजों में दाखिला प्रक्रिया

**कैथल।** 12वीं कक्षा के नतीजे आने के साथ ही राज्य भर के विभिन्न कॉलेजों में नई प्रवेश प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने बताया कि विभिन्न नए रोजगार उन्मुखी कार्यों को शुरू करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है, जबकि उच्च शिक्षा विभाग से अनुमोदन भी पूरा हो चुका है और केवल उनके विश्वविद्यालय की मंजूरी का इंतजार है।

### सरपंच को दिया निजी सुनवाई का अवसर

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बुधवार को खंड गुहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सींह के सरपंच अमनदीप को 7 जून को दोपहर बाद 3 बजे निजी सुनवाई का अवसर प्रदान किया है। सरपंच अमनदीप के विरूद्ध एफआईआर दर्ज होने के उपरांत पंचायत विभाग द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही हेतू पत्र क्रमांक-2729 / पंचायत 3 मई 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।_र

### डीएवी गर्ल्स कॉलेज में पोलिंग पार्टियों की दूसरी रिहर्सल का आयोजन

# मतदान प्रक्रिया में पोलिंग पार्टियों की भूमिका सबसे अहम : शर्मा

**सहायक निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए जिला की साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त की गई पोलिंग पार्टियों व अन्य टीमों के लिए बुधवार को डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में दूसरी रिहर्सल का आयोजन किया गया।

जिसमें सभी पोलिंग पार्टियों को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बिलासपुर देवेंद्र शर्मा ने किया।

मौके पर ईवीएम के मुख्य मास्टर ट्रेनर उमा दत्त शर्मा, मास्टर ट्रेनर एनके यादव,मलकीत सिंह व सुरेंद्र कुमार ने सभी पोलिंग पार्टियों को उनके प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बिलासपुर देवेंद्र शर्मा ने कहा कि पोलिंग पार्टियों की जरा सी चूक पूरी व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी। इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझें और पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने कहा कि मतदान के लिए बूथों पर महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाई जाएं और एक पुरुष के बाद दो महिलाओं को वोट डालने के लिए भीतर भेजा जाए। इस मौके पर निर्वाचन तहसीलदार बिलासपुर एवं नोडल ऑफिसर गौरव सबरवाल,नायब तहसीलदार आशीष पोंड व सहायक अधीक्षक एसडीएम कार्यालय बिलासपुर राममेहर सिंह आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में पोलिंग पार्टियों की दूसरी रिहर्सल कार्यक्रम में जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### पीओ डायरी में नोट करें वोट संख्या

*जिला बाल कल्याण अधिकारी एवं चुनाव कार्यालय के नोडल अधिकारी सुखमिंदर सिंह ने कहा कि सभी पीओ घंटे के अंतराल पर मतदान प्रतिशत और वोट संख्या की जानकारी पीओ डायरी में नोट करें। वह इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष में भी भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने फार्म 17ए, 17सी, डिक्लेरेशन फॉर्म,पीओ डायरी तथा अन्य सभी प्रकार के दस्तावेज व फार्म भरने के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें मतदान प्रक्त्रिया की बारीकियों के बारे में विस्तार से बताया। मंच का संचालन बालकुंज के पीओ दीपक कुमार मंथन ने किया।*

### अंबाला संसदीय क्षेत्र में नोटा समेत 14 प्रत्याशी

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बिलासपुर देवेंद्र शर्मा ने बताया कि साढ़ौरा विधानसभा अंबाला संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। इस संसदीय क्षेत्र में नोटा समेत 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव के दिन मोक पोल में सभी प्रत्याशियों के वोट डलवाए जाएं और पोलिंग एजेंट्स को इसका परिणाम दिखाकर मोक पोल की सभी पर्चियों को लिफाफे में सील बंद करके रख लें। उन्होंने हिदायत दी कि मोक पोल की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ईवीएम मशीन को क्लीयर करना न भूलें। इसी प्रकार मतदान संपन्न होने के बाद मशीन को क्लोज करना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आती है तो उसे अपने स्तर पर हल करें। यदि समाधान नहीं होता तो उच्च अधिकारियों को संपर्क करें। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बिलासपुर देवेंद्र शर्मा ने कहा कि पोलिंग पार्टियों की निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव करवाने में उनकी भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। इसलिए वह मतदान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें और सभी नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इससे पूर्व पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में मोक पोल करवाया जाएगा।



**यमुनानगर।** ग्लोबल शिक्षण संस्थान में मेघा फेयर जॉब में चयनित हुए बच्चे ऑफर लेटर लेकर खुशी जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## मेघा जॉब फेयर में 40 विद्यार्थियों का चयन

- ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन संस्थान में मेघा जॉब फेयर का आयोजन
- चेयरमैन ने चयनित विद्यार्थियों को ऑफर लेटर वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस नाचरौन (रादौर) में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कॉलेजों से बीफार्मेसी, बीटेक, बीबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेगा जॉब फेयर में नामचीन औद्योगिक संस्थान जेडएचएल, एलेबिंक फार्मा लिमिटेड, बायोफील्ड फामा प्राइवेट लिमिटेड, सेनिफाई हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड व एमआईटीएस फार्मा आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। जॉब फेयर में 40 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। जिनमें कुनाल, महक, प्रीति, मुस्कान, अनिरुद्ध, आंचल व ललतेश का एमआईटीएस फार्मा में चयन किया गया।

वहीं, डिंपल, महक, गगन व अपूर्व का बायोफील्ड फार्मा प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ। जबकि अंकित, डिंपल, कुलदीप, कुनाल, मनीष कुमार, अभिषेक, विशाल ढींगरा, विवेक, समीर शर्मा, अंकित पुनिया, अश्वनी नौटियाल, ललतेश, नमन, हिमांशु, केतन और दलजीत को जकित्जा हेल्थकेयर लिमिटेड में प्लेसमेंट हासिल हुआ। इसी तरह अश्वनी, अंशुल, गुरप्रीत, प्रीति, महक और प्रीति का सेनिफाई हेल्थकेयर प्राइवेट में चयन हुआ। वहीं, ओमेगा, अभिषेक, राम, कुलदीप, अंकित, अनिरुद्ध, शकीलुर रहमान और ललतेश ने एलेम्बिक फार्मा लिमिटेड में प्लेसमेंट हासिल किया। क्वालिटी कंट्रोल, क्वालिटी एंश्योरेंस और मार्केटिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैली विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट हासिल हुई है।

संस्थान के प्रिंसीपल डॉ. अश्वनी कुमार ने शिक्षा से रोजगार तक सुचारु रूप से बदलाव की सुविधा प्रदान करने और छात्रों के भविष्य के प्रयासों के लिए एक आशाजनक प्रक्षेप पथ स्थापित करने में इसकी सफलता के लिए इस कार्यक्रम की सराहना की।

चेयरमैन सीए एसके जिंदल व वाइस चेयरपर्सन इंदु जिंदल ने चयनित विद्यार्थियों को ऑफर लेटर वितरित किए।

## संघर्ष कर रहे रिटायर्ड कर्मचारी

- कई बार बैठकें होने के बावजूद मांगों पर नहीं ली जा रही सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रिटायर कर्मचारी संघ की कन्वेंशन का आयोजन बुधवार को हाइडल प्रोजेक्ट भूड़कलां के रेस्ट हाउस में किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान ज्ञानचंद देवधर ने की। जबकि मंच का संचालन उप प्रधान भुवनेश्वर दत्त ने किया। मुख्य अतिथि संघ के जिला प्रधान सोमनाथ, जिला सचिव ज्योत सिंह व विनोद कुमार त्यागी ने कहा कि रिटायर कर्मचारी संघ 10 साल से पेंशन में 65-70-75 की मांग लेकर चल रहा है कई बार सरकार से मीटिंग भी हो चुकी है लेकिन सरकार बात मानने को तैयार नहीं है। किसी प्रकार से मेडिकल भत्ता की बात है, 3000 मेडिकल भत्ता की मांग चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार प्राइवेट डॉक्टरों को पैसे दे रही है लेकिन कर्मचारियों को देना नहीं चाहती। संघ नेता ज्ञान पंडवार व रामकुमार कांबोज ने आज के चुनाव के दौर पर चर्चा करते हुए लोगों को समझाया। साथ ही 25 मई को वोट सोच समझ कर डालने की सलाह दी। इस अवसर पर सरदार प्रीतम सिंह, राजकुमार बलिया, सतपाल वालिया, आत्माराम आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** रेस्ट हाऊस भूड़कलां में आयोजित कन्वेंशन में उपस्थित संघ नेता।

## नशे जैसी बुराई से दूर रहें विद्यार्थी : डॉ. अशोक

- राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा राज्य नारकोट्क्सि कंट्रोल ब्यूरो द्वारा बुधवार को राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर में नशा के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्त के रुप में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य महकार सिंह ने की। मुख्य वक्ता उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ सबसे पहले तो वार्तालाप के माध्यम से इस ज्वलंत विषय पर चर्चा की। विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम से जोड़कर उनके विचार सबके सामने प्रस्तुत किए गए। उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशों की परिभाषा, प्रभाव, कारण और निवारण पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और श्यामपट पर लिखकर उदाहरण और आंकड़ा बताया। डॉ. अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 1985 में एनडीपीएस एक्ट बनाकर सम्पूर्ण भारत पर लागू किया। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहने की आवश्यकता क्यों हैं। उन्होंने कहा कि गीता, रामायण, कुरान, बाइबिल और किसी भी ग्रन्थ में नशे के सेवन से दूर रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने विभिन्न कविताओं और गायन के साथ साथ देश प्रेम की भावना को जगाते हुए कहा कि आज महान स्वतंत्रता सेनानी और शहीद सुखदेव की 118वीं जयंती है। सबसे पहले हम सभी उन्हें नमन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए आहवान किया। मौके पर बच्चों को नशा नहीं करने और किसी को नहीं करने देने की शपथ दिलाई।



**यमुनानगर।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए वक्ता।

## कोल्ड ड्रिंक में नशा पिलाकर चाची के साथ किया दुष्कर्म

- आरोपी युवक व उसके दोस्त के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में भतीजे ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर अपनी चाची के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। जिसके बाद आरोपी ब्लैकमेल कर उसके साथ संबंध बनाता रहा। आरोपी युवक ने अपने दोस्त को भी अपनी चाची के घर भेजा। जहां आरोपी के दोस्त ने भी उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव निवासी महिला ने महिला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 2015 में शादी हुई थी। उसका पति उत्तराखंड की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था और वहीं रहता था। उसके पति का भतीजा संदीप उनके घर पर आने जाने लगा। एक दिन वह घर पर अकेली थी। सुबह दस बजे उसके पति का भतीजा संदीप उसके घर आया और उसे कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। आरोप है कि इसके बाद उसके भतीजे ने उसके साथ गलत काम किया।

## परिवार समाज की मौलिक इकाई : निर्मल

- रोटरी क्लब रादौर ने मनाया अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। इस दौरान क्लब के प्रधान निर्मल सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर परिवार के महत्व के बारे में बताया गया। क्लब के प्रधान निर्मल सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हर साल 15 मई को मनाया जाता है। यदि हम अपने समाज की बात करें तो परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के बिना मनुष्य समाज की कल्पना भी नहीं कर सकता। प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी परिवार का सदस्य होता है या फिर वह अपने परिवार से अलग होने की सोच भी नहीं सकता है। हमारे समाज की परम्पराओं और उसकी सभ्यताओं में कितने ही बदलाव क्यों ना हो जाये। लेकिन परिवार के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आनी चाहिए चाहे परिवार बने और बन कर भले टूट ही क्यों न जाये।

लेकिन परिवार के स्वरूप में परिवर्तन नहीं आया। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने वर्ष 1994 को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस वर्ष घोषित किया। सम्पूर्ण संसार में लोगों के बीच परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है तथा वर्ष 1995 से यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है।



**यमुनानगर।** रादौर में परिवार दिवस मनाते रोटरी क्लब के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## शादी समारोह में 8 लाख रुपये से भरा बैग चोरी

- पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के पाबनी रोड स्थित सिंह रिसार्ट में शादी समारोह से आठ लाख रुपये से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में दो लाख रुपये शगुन तथा छह लाख रुपये अलग से रखे हुए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला अंबाला के गांव सरदेहडी निवासी नारायण दास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके बेटे मलकीत की शादी जम्मू में हुई थी। जिसकी उन्होंने पाबनी रोड स्थित सिंह रिसार्ट में रिसेप्शन रखी हुई थी। समारोह में रिश्तेदार व जानकार आए हुए थे। यही पर पड़ोसी हरभजन सिंह शगुन के रुपये डायरी में लिख रहा था। शगुन के रुपये एक काले रंग के बैग में रखे हुए थे। शगुन के करीब दो लाख रुपये हुए थे। इसके अलावा छह लाख रूपये अलग से थे। वह भी बैग में रखे हुए थे। हरभजन ने वह बैग उसे दे दिया। उसने यह बैग पास ही मेज पर रखा और मेहमानों को देखने में लग गए। कुछ देर बाद उसे मेज से बैग गायब मिला। उसने बैग की काफी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला।

## कपड़ों की खरीदारी करने के बाद युवक बिना पैसे दिए हुआ फरार

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के मॉडल टाउन स्थित ठुकराल गारमेंट की दुकान से एक युवक 17 हजार रुपये के कपड़े खरीदकर बिना पैसे दिए फरार हो गया। आरोपी ने दुकानदार को अमेजॉन ऐप से ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए कहा। आरोपी ने दुकानदार को भेजे गए पैसों का स्क्रीन शॉट दिखाया। मगर यह पैसे दुकानदार के अकाउंट में नहीं आए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी के सेक्टर 15 निवासी चंद्र ठुकराल ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मॉडल टाउन में नेहरू पार्क के पास ठुकराल गारमेंटस के नाम से कपड़ों की दुकान है। 13 मई की रात करीब नौ बजे उनकी दुकान में एक व्यक्ति आया। आरोपी ने बताया कि उसका एक बुक डिपो है। उसे कुछ कपड़ों की खरीदारी करनी है। इस दौरान आरोपी ने दुकान से 17 हजार रुपये के कपड़े खरीदे। भाव करने के बाद आरोपी ने साढ़े 16 हजार रुपये देने की बात कही। आरोपी ने इन रुपयों का भुगतान ऑनलाइन अमेजॉन एप के माध्यम से करने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने उनका स्केनर कोड स्कैन किया। इसके बाद साढ़े 16 हजार रुपये भेजने का स्क्रीन शॉट दिखाया। इसके बाद आरोपी कपड़े लेकर वहां से चला गया। लेकिन उनके पास रुपये नहीं आए। उन्होंने बाहर जाकर देखा तो आरोपी वहां से जा चुका था। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को दी। शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। शहर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उपायुक्त ने पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के अफसरों को दिए निर्देश

# पशुओं को हीटवेव से बचाने के लिए बरतें सावधानी

- जिला प्रशासन नागरिकों के साथ साथ पशुओं को भी लू से बचाने के लिए अलर्ट
- बीमारियों के लक्षण व उससे बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ते ही जिला प्रशासन नागरिकों के साथ साथ पशुओं को हीटवेव की चपेट में आने से बचाने के लिए अलर्ट हो गया है। इस संबंध में जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने आमजन को जहां राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार हीटवेव से बचने के लिए सावधानियां बरतने की सलाह दी है, वहीं, उन्होंने पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के अधिकारियों को पशुओं को हीटवेव से बचाने के लिए जरुरी दिशा निर्देश दिए हैं।



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में हीटवेव बचाव को लेकर जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

### टीकाकरण का कार्य नियमित किया जाए

डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने पशुपालन विभाग को पशुओं का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के साथ साथ पशुओं के पीने के पानी के लिए ट्यूबवेल आदि का भी प्रबंध किया जाए। मवेशियों की सुरक्षा के लिए हीटवेव एक्शन प्लान तैयार करें। गर्मी की स्थितियों के दौरान पशुओं में आने वाली बीमारियों के लक्षण व उससे बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करें। पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाए और साथ ही केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं का भंडार सुनिश्चित हो। गर्मी के दिनों में किसानों एवं पशु पालकों के पशुओं पर भी प्रभाव पड़ता है और उन्हें गर्मी से बचाने की आवश्यकता होती है। इसी परिप्रेक्ष्य में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा किसानों एवं पशु पालकों को सलाह दी गई है कि गर्मियों के दिनों में अपने पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए उचित उपाय और प्रबंधन करें।

### पशुओं को छायादार वृक्षों के नीचे रखें पशुपालक

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक आत्मा राम गोदारा ने बताया कि किसानों एवं पशुपालकों को सलाह दी गई है कि अपने पशुओं के लिए आवास गृह, पशु शेड की व्यवस्था करें। दोपहर में पशुओं को छायादार वृक्षों के नीचे आराम कराएं। उन्होंने कहा कि 45 डिग्री से अधिक तापमान होने पर पशुओं के आवास गृह की खिड़की, दरवाजों पर गीले पर्दे से बचाव करें।

## खबर संक्षेप



### सर्विस रोड पर लटका नाले का निर्माण कार्य

**तरावड़ी।** जीटी रोड से तरावड़ी आने वाले सर्विस रोड पर पिछले लगभग एक साल से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण प्रशासन ने सर्विस रोड़ से पानी की निकासी के लिये नाला बनाने कार्य शुरू किया था जोकि आज तक निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। विभाग ने सड़क के साईड में नाले के निर्माण के लिये खुदाई करके गडढे बना कर अधूरा छोड़ दिया है। जिससे वाहन चालक व आसपास के दुकानदार काफी परेशान है। बरसात के दिनो इन गड्ढों में पानी भर जाने से सडक़ व गडढों का पता नही चल पाता।

### सुशील गुप्ता ने सरस्वती मंदिर में की पूजा अर्चना

**पिहोवा।** इंडिया गठबंधन से कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी सुशील गुप्ता ने सरस्वती मंदिर में पहुंच पूजा अर्चना कर विजयी होने की कामना की ओर इसके साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की।मंदिर में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गोपाल कौशिक ने अरविंद केजरीवाल के नाम उनके प्रतिनिधि एवम प्रत्याशी सुशील गुप्ता को सरस्वती माता का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया। गोपाल कौशिक ने प्रत्याशी सुशील गुप्ता को सरस्वती माता की महत्वता एवं तीर्थ के इतिहास एवं प्राचीनता बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### 12 गांवों के लोगों को दिया मतदान का संदेश

**करनाल।** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का विशेष प्रचार वाहन 25 मई को वोट डालने का संदेश असंध व नीलोखेड़ी विधानसभा के 12 गांवों के हजारों मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचाया है। बुधवार को जनसम्पर्क विभाग का विशेष प्रचार वाहन नीलोखेड़ी व असंध के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचा। यहां पर गुलाब सिंह सहित अन्य कलाकारों ने नाटक और गीतों के माध्यम से मतदाताओं के प्रयोग करने का संदेश दिया।

### इग्नू में जुलाई 2024 के लिए दाखिले शुरू

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) के क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया कि इग्नू 306 शैक्षिक, रोजगार मूलक, जागरूकता सृजन करने वाले और कौशल उन्मुखी अध्ययन कार्यक्रम संचालित कर रहा है। ये शैक्षिक कार्यक्रम सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक उपाधि, स्नातकोत्तर उपाधि और डॉक्टरेट उपाधि स्तर के हैं। शैक्षिक कार्यक्रमों, पात्रता, अवधि, अपेक्षित क्रेडिट और शिक्षा माध्यम से सम्बंधित जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



### अक्षिका ने प्राप्त किए 93.2 प्रतिशत अंक

**घरौंडा।**भारत विकास परिषद् घरौंडा के पूर्व अध्यक्ष विकास सिंगला की सपुत्री ने सी.बी.एस.ई. पैटर्न पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा की दसवीं कक्षा की छात्रा अक्षिका सिंगला ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपनी दसवीं की कक्षा उतीर्ण की। अक्षिका ने अपने शहर, स्कूल, गुरुजनों और माता पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर अक्षिका की दादी श्रीमती सुदेश सिंगला ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। वही भारत विकास परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष वरुण गुप्ता, आशीष गुप्ता,कपिल धीमान,राहुल गर्ग ने भी अशिक्षा को बधाई दी।

---

### कुवि में भाषण एवं प्रेरणा गीत प्रतियोगिता का आयोजन

# विद्यार्थी प्रतियोगिता में भागीदारी कर व्यक्तित्व विकास करें : डॉ. वैशाली

जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन की विभिन्न उपलब्धियों का भी उल्लेख किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



#### भाषण प्रतियोगिता में आदित्य ने मारी बाजी

केयू श्रीगुलजारी लाल नंदा नीति एवं दर्शन शास्त्र केंद्र में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल के आदित्य ने प्रथम, शिवम सिंह राठौड़, गुरुकल कुरुक्षेत्र ने द्वितीय तथा सूर्यवीर, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार विज्डम वर्ल्ड स्कूल के पार्थ व सैनी पब्लिक स्कूल की मिनाक्षी को मिला। प्रेरणा गीत प्रतियोगिता में विज्डम वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल को प्रथम, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल को दूसरा व गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल को तृतीय स्थान मिला। वहीं सांत्वना पुरस्कार गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र व गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमीन को मिला।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भारत रत्न श्रीगुलजारी लाल नंदा नीति एवं दर्शन शास्त्र केंद्र, पूर्व तट ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र में बुधवार को भाषण एवं प्रेरणा गीत की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वैशाली शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को श्रीगुलजारी लाल नंदा के व्यक्तित्व को अपनाकर जीवन में धारण करने व उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी मंच की विभिन्न विधाओं संगीत, भाषण में अधिकतम भागीदारी करते हुए अपने व्यक्तित्व में विकास करें। उन्होंने भारत रत्न श्री गुलजारी लाल नंदा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन की विभिन्न उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।

सादगी, अनुशासन, देश भावना, परिश्रम शैली को उजागर करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि श्रीगुलजारी लाल नंदा जी हमारे देश की वह चिरपरिचित विभूति हैं जिन्होंने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान राष्ट्रपति महात्मा गांधी के नेतृत्व में अग्रणी भूमिका निभाई और आजादी के बाद वर्षों तक विभिन्न पदों पर रहते हुए राष्ट्रहित और जनहित के कार्यों में हमेशा सक्रिय रहे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि आज इस केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता, भक्ति संगीत और प्रेरणा गीतों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आप सब आने वाले कल में हमारे भारतीय समाज के कर्णधार व जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं को विशेष प्रेरणा प्रदान करती है। डॉ. शुचिस्मिता, निदेशिका, भारत रत्न श्रीगुलजारी लाल नंदा नीतिशास्त्र दर्शनशास्त्र केंद्र, ने आये हुए सभी अतिथियों अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल व केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में 25 स्कूलों से कुल 30 बच्चों ने भाषण व संगीत प्रतियोगिता में 120 विद्यार्थियों की भागीदारी रही। निर्णायक मंडल के रूप में बृज शर्मा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. सुमन ढांडा, डॉ. मुनीश कुमार, डॉ. अमरजीत व डॉ. वीर विकास रहे।

---

## युवाओं के लिए बहुत सी योजनाओं को करूंगा लागू, हर साल हजारों युवा होंगे लाभान्वित : नवीन जिन्दल



**कुरुक्षेत्र।** बुधवार की सुबह थीम पार्क में सैंकड़ों ट्रैक्टरों पर सवार युवा किसानों और हजारों मोटरसाइकिलों पर विशाल बाइक रैली निकाली। बुधवार को साहिल सुधा के नेतृत्व में 21 अलग अलग गावों में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सिंहपुरा, बहादुरपुरा, भिवानी खेड़ा, बिशनगढ़, डोडा खेड़ी, सिरसला, रतन डेरा, हरियापुर, प्रतापगढ़, अमरगढ़ मझाड़ा में ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को अपना आशीर्वाद दिया। थीम पार्क में सैंकड़ों की संख्या में खड़े ट्रैक्टरों और मोटर साइकिलों की अगुवाई खुद भाजपा प्रत्येक रैली से आरंभ हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में गांव बाहरी, जोगनाखेडा, नरकातारी, दबखेड़ी, बलाही, समसपुर, बगथला, घमूरखेड़ी, हंसाला, मलिकाशी नवीन जिंदल ने की।

### जिला बार एसोसिएशन में वकीलों का समर्थन लेने पहुंचे नवीन जिन्दल

जिला बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार नवीन जिन्दल वकीलों का समर्थन लेने पहुंचे। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कुमार गुप्ता, उपप्रधान अंकित गौतम, सह सचिव तुषार सैनी, कोषाध्यक्ष शिवम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता आत्म प्रकाश मनचंदा, महेंद्र तंवर, रणधीर सिंह खेड़ी, गुरदेव चौधरी, धूम्मण सिंह किरमच, श्याम लाल जांगड़ा, विनीत बजाज, हेमंत पराशर, धीरज अत्री, विजेंद्र बांगड़, हरपाल मढ़ान, श्रवण मलिक, ऋषिपाल मथना, राजेंद्र जुनेजा आदि रहे।

---

# बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा अंजू को मिला मिस का खिताब

- श्री जयराम महिला कालेज ऑफ एजुकेशन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर



**थानेसर।** श्रीजयराम महिला बी.एड. कालेज में विदाई समारोह के अवसर पर छात्राएं एवं प्राध्यापिकाए।

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल में कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान श्री जयराम महिला कालेज ऑफ एजुकेशन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के अवसर पर बी.एड. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजू को मिस बी.एड. के खिताब से नवाजा गया। समारोह में कालेज की प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद ने विदाई ले रही छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद दिया। संस्थान के निदेशक एस.एन. गुप्ता ने भी सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कालेज की सभी प्राध्यापिकाएं एवं स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

---

## ईमानदारी से डालें अपने मत की आहुति : शांतनु

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में सभी को आगे आकर अपनी पूर्ण आहुति डालनी है। शत प्रतिशत मतदान करते हुए जिले का मत का प्रतिशत भी बढ़ाना है। मत की महत्वता को समझते हुए मतदान करके लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जिले में मतदाताओं को मत के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक करने का काम किया जा रहा है। मत का प्रयोग निष्पक्ष होकर करना चाहिए, ताकि हम अच्छे प्रत्याशी को चुनकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बना सके। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में इस बार 17 लाख 94 हजार 300 मतदाता पंजीकृत है, जिसमें से 9 लाख 40 हजार 815 पुरुष मतदाता, 8 लाख 53 हजार 461 महिला मतदाता व 24 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल है। मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐप भी लांच किए गए है। वोटर इन क्यू ऐप के माध्यम से मतदाता अपने घर पर बैठकर मतदान वाले दिन बूथ पर कितनी भीड़ है, इसको देख सकता है और अपने सहुलीयत अनुसार मतदान केंद्र पर आकर अपने मत को डाल सकता है।

---

# अनुपम शिक्षा निकेतन की कक्षा 10वीं का परिणाम रहा शानदार

- 23 विद्यार्थियों में से 4 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया
- प्राचार्य ऊर्णिमा ने इस छात्रों को मिठाई खिलाते हुए शुभ कामना दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** खुशी मनाते अनुपम स्कूल के विद्यार्थी व टीचर्स।

पटेल नगर स्थित अनुपम शिक्षा समिति के द्वारा संचालित अनुपम शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ऊर्णिमा गौड़ ने बताया कि कक्षा दसवीं में से 23 विद्यार्थियों में से 4 विद्यार्थी मेरिट में, 10 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन से व अन्य सभी छात्र अच्छे नंबर लेकर पास हुए। छात्र आयुष कुमार 443 नंबर 89%, छात्र पायल गिरी 435 नंबर 87%, छात्र विकास 415 नंबर 83%, छात्रा आरती 397 नंबर 80% लेकर मेरिट में रहे। विद्यालय प्राचार्य ऊर्णिमा शर्मा ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाते हुए उज्वल भविष्य की शुभ कामना दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक आशुतोष, नीना कमरा, नीलम रानी, स्मृति, आंचल, पायल शर्मा व वीरेंद्र प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

---

## मतदान के लिए दिव्यांगजनों को किया जा रहा प्रेरित

- यूथ एंबेसडर गायत्री कौशल ने दिव्यांग जनों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस समिति कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में स्वीप मतदाता जागरूकता अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के निर्देशानुसार दिव्यांग जनों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डा. सुनील कुमार ने दिव्यांगजनों से अपील करते हुए कहा कि सभी को लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से अपने मत का प्रयोग करना है। इसके साथ-साथ अपने आस-पास रहने वाले दिव्यांगजनों को भी अपने मत का प्रयोग करने के प्रति प्रेरित करना है। जिला प्रशासन की ओर से लोक सभा चुनाव के मतदाता जागरूकता अभियान के लिए नियुक्त यूथ एंबेसडर गायत्री कौशल ने दिव्यांग जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करते हुए यह नहीं सोचना है कि मेरे वोट देने से क्या फायदा होगा। सभी दिव्यांग अपने अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें। उपस्थित सभी दिव्यांग जनों द्वारा शपथ भी ली गई कि वे सब इस बार मतदान केन्द्र पर जाकर कर अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर प्रधान सतीश कुमार, कैशियर नरेश मथाना, प्रकाश चंद्र राठी, लिपिक ओमप्रकाश, रेडक्रॉस समिति के अन्य अधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

---

# 5 हजार युवाओं ने मतदान का लिया प्रण

- स्कूलों के विद्यार्थियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली जागरूकता रैलियां
- विद्यार्थियों को 25 मई के दिन मत के प्रयोग प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

राजकीय स्कूलों व कॉलेजों के लगभग 5 हजार युवाओं ने वोट डालने व मतदाताओं को वोट डलवाने के लिए, जागरूक करने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए गांवों व शहरों में मतदाता जागरूकता रैलियों का भी आयोजन किया गया है। अहम पहलू यह है कि 25 मई को शत प्रतिशत वोट पोल करवाने के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। करनाल के राजकीय स्कूलों व कॉलेजों के विद्यार्थियों के माध्यम से एक ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा है कि करनाल का प्रत्येक मतदाता 25 मई को अपने बूथ पर पहुंच कर वोट डाल सके। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्ग दर्शन में स्वीप गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। करनाल में 7 अलग अलग ब्लॉक के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में सुबह के समय अंबेली के दौरान स्कूलों के प्रिंसिपल व शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया गया। यह संकल्प लगभग सभी राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को दिलाया गया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा के अनुसार राजकीय स्कूलों के लगभग 5 हजार विद्यार्थियों ने वोट डालने व मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करेंगे। अंडर ट्रेंनिग आईएएस योगेश सैनी ने विभिन्न स्कूलों को निरीक्षण करने के उपरांत विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी जिला प्रशासन की तरफ से एक आईकान बन कर मतदाताओं को 25 मई के दिन मत का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला करनाल में शिक्षा विभाग की ओर से 24 मई तक लगातार स्कूलों में अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों के आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए स्लोगन से युवा पीढ़ी पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। इनमें से अच्छे स्लोगन को जिला प्रशासन की ओर से अन्य प्रचार-प्रसार के माध्यमों में प्रयोग किया जाएगा। सभी विद्यार्थियों को प्रशासन की ओर से निरंतर प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

---

### करनाल में अब तक एक करोड़ से ज्यादा की नकदी

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव 2024 के दौरान पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा अब तक 1 करोड़ 60 लाख 87 हजार 323 रुपये की नकदी, शराब व ड्रग्स के साथ-साथ अन्य वस्तुएं सीज की है। अहम पहलू है कि इस राशि में से 98 लाख 61 हजार 990 रुपये की नकद राशि भी शामिल है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह बुधवार को देर सायं लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव में एसएसटी व एफएसटी टीमों द्वारा सीज किये गए सामान को लेकर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उप चुनाव की गैर कानूनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एसएसटी व एफएसटी टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें नाकाबंदी करके और मिली सूचना के आधार पर दबिश देकर शराब, ड्रग्स, नकदी को सीज करने का काम कर रही है।

---

# हिम्मत सिंह को एचएसएससी चेयरमैन बनाने पर समाज में खुशी की लहर

- रोड़ समाज के समर्थन करने से कुरुक्षेत्र और करनाल लोकसभा सीट पर चुनाव हुआ रोचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



कैथल निवासी और रोड़ समाज से आने वाले एडवोकेट हिम्मत सिंह को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) का चेयरमैन बनाऐ जाने के हरियाणा सरकार के फैसले से रोड़ समाज खासा उत्साह नजर आ रहा है। समाज के लोग हरियाणा सरकार, मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद व्यक्त कर रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि रोड़ समाज के एक चेहरे का एचएसएससी का चेयरमैन बनने से करनाल व कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में चुनावी हवा बीजेपी के पक्ष में जाती दिखाई देगी और धरातल पर इसका असर भी दिखने लगा है। हिम्मत सिंह को एचएसएससी का चेयरमैन बनाने से रोड़ समाज में खुशी की लहर है और उन्होंने कहा है कि वे अपना समर्थन देकर करनाल लोकसभा से न केवल पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बल्कि करनाल विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री नायब सैनी को चुनावों में जीत अवश्य दर्ज करवाएंगे। हम भारतीय जनता पार्टी के साथ है। सरकार का धन्यवाद करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

---

## पीएम श्री राजकीय विद्यालय का परिणाम रहा शानदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा का मैट्रिक का परिणाम शत प्रतिशत रहा। शत प्रतिशत परिणाम पर अभिभावकों एवं अध्यापकों में खुशी की लहर है। विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर सिंह ने बताया कि मैट्रिक में कुल 84 विद्यार्थियों में से 19 बच्चों ने मेरिट में और 51 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में कक्षा पास की है। विद्यालय के निखिल कुमार ने 90.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, मुस्कान ने 85.6 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान तथा किरण और दीप्ति ने 83.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रथम श्रेणी एवं मेरिट में आने वाले सभी विद्यार्थियों को स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यवीर सिंह, लेक्चरर निशा त्यागी, आदि रहे।

---

### एचएएफपीसी एफपीओ के साथ आईआईडब्ल्यूबीआर का एमओयू करार

# उच्च गुणवत्ता का गेहूं उत्पादित करेगा किसान समूह

- डॉ. एसपी तोमर ने संस्थान का आभार व्यक्त किया।
- किसान समूह में करीब 700 किसान जुड़े हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** एफपीओ के चेयरमैन डॉ. डीएस मलिक व वाइस चेयरमैन डॉ. एसपी तोमर के साथ भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह।

भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर) व हार्टीकल्चर फार्मर्स प्रोड्यूसर समूह करनाल (एचएफपीसी एफपीओ) के बीच गेहूं के बीज उत्पादन को लेकर एमओयू करार हुआ है। संस्थान के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने एचएफपीसी के चेयरमैन डॉ. डीएस मलिक व डॉ. एसपी तोमर के साथ एमओयू साइन करते हुए खुशी जाहिर की कि यह किसान संगठन उच्च गुणवत्ता के बीजोत्पादन व प्रसार पर कार्य करेगा। डॉ. एसपी तोमर ने संस्थान का आभार व्यक्त किया। डॉ. तोमर ने बताया कि इस करार के तहत एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया) उन्नतशील बीजों का उत्पादन, प्रसार व प्रचार करेगा। बीजों की उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। करनाल जिले में इस एफपीओ का गठन वर्ष 2016 में नाबार्ड के माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ कार्पोरेट के तहत किया गया। आज इस किसान समूह में 700 किसान जुड़े हुए हैं। किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए यह एफपीओ उपभोक्ताओं व किसानों के बीच सीधी भूमिका में है। जैविक कृषि पर जोर दिया गया है। किसान कीटनाशकों का अनियंत्रित तरीके से इस्तेमाल करते हैं जिस कारण खाद्य पदार्थों में जहर के अंश विद्यमान रहते हैं। इसलिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस एफपीओ ने नाबार्ड के साथ मिलकर कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की। वर्ष 2021-22 में एक परियोजना के तहत जिले में 500 किसानों की एक हजार एकड़ जमीन में बासमती धान पैदा की जिसमें वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन न्यायोचित तरीके से रसायन का इस्तेमाल किया गया। टेस्टिंग में उस चावल में जहर की मात्रा नहीं मिली। इस प्रोजेक्ट से प्रभावित होकर कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के तत्कालीन चेयरमैन डॉ. अंगामुथु 2022 में करनाल आए थे।

**खबर संक्षेप**

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अरूण को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता विजय कुमार ने 31 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर में घुसकर गहने व नकदी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता आनंदा ने 3 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विशाल ने धोखे से उसकी दुकान से सोना जेवरात ले जाने तथा वापिस न करने की धोखाधड़ी का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी मंगा सिंह को गिरफ्तार किया है। मॉल रोड के दीपक कुमार ने 3 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 जून 2023 से 16 अक्तूबर 2023 के दौरान मोती नगर में आरोपी मंगा सिंह व अन्य द्वारा उसकी शादी करवाने के मामले में उससे नकद राशि लेने की धोखाधड़ी का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पंफलेट या पोस्टर पर प्रकाशक का नाम होना जरूरी

**अंबाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशक का नाम तथा प्रतियों की संख्या छपी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन विभाग, हरियाणा निर्वाचन आयोग सहित जिला प्रशासन की ओर से चुनाव खर्च के विवरण पर पूरी निगरानी रखी जाएगी। इसलिए प्रिंटिंग प्रेस संचालक एनेक्सचर फॉर्म वन और बी भरकर यह स्पष्ट करेंगे कि प्रचार की सामग्री किस प्रेस से छपवाई गई है। इस सामग्री को छपवाने वाला कौन है।

### वाशिंग सेंटर से अल्टीनेटर चोरी

**कैथल।** कस्बा ढांड में चोर एक वाशिंग सेंटर से अल्टीनेटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव चुहड़माजरा निवासी सुरेंद्र ने ढांड थाना में शिकायत दी कि सात मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उसके वाशिंग सेंटर में बने कमरे से जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी कर ले गया। चोरी हुए सामान की कीमत 38 हजार रुपये है।

### मारपीट में दो घायल, 12 नामजद

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो मामलों में पुलिस ने 12 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में चीका के रामचंद्र ने पुलिस को शिकायत दी कि 14 मई को आरोपी रिंकू ठाकुर, रवि राम व छह-सात अन्य लडकों ने उसके साथ मारपीट की।



**अंबाला।** दसवीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र शिक्षकों के साथ।

## एसपी विद्या मंदिर की अनामिका ने 97.6% अंक हासिल कर मारी बाजी

**अंबाला।** एसपी विद्या मंदिर हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार रहा। स्कूल कीअनामिका ने 97.6 फीसदी नंबर लेकर जिला में स्कूल का नाम रोशन किया। अंबाला शहर के रणजीत नगर स्थित एसपी विद्या मंदिर स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैट्रिक का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।इसमें अनामिका ने 97.6% अंक प्राप्त करके अंबाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हरप्रीत कौर ने92.2% फीसदी अंक हासिल किए। चारु ने 91.2%, रिया ने 83.2% फीसदी, बबीता ने 82.4% , गुरजोत ने 82.2%, मनीष ने 82.2% फीसदी तिनिषा ने 82% फीसदी साहिल गौतम ने 81.6% फीसदी अंक हासिल किए। इसी तरह मन्नत ने 81.6% फीसदी रमनदीप 81.5% फीसदी वृंदा ने 80.4% फीसदी अंक हासिल किए। 12 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। इसी विद्यालय के पांच विद्यार्थी रतन ,गगन, सुमित, आरती, सागर ने 70% से ऊपर अंक प्राप्त किए।

# परियोजना ‘केयर’ के हौसलों को सलाम

- दो बच्चों का दसवीं में शानदार प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

इद्रीश फाउंडेशन पिछले 8 सालों से परियोजना 'केयर' के जरिये हर उस बच्चे को सपोर्ट कर रही है जो पढ़ना चाहता हैंञ घर के हालात, या फीस, या फिर कोई भी बाधा उनको रोकती है। पिछले कई सालों में परियोजना 'केयर' से कई बच्चे पढ़कर आगे बढ़े हैं और अपनी लाइफ में कुछ अच्छा कर रहे हैं। इस साल 2024 में, परियोजना 'केयर' के 2 बच्चे नीतीश कुमार ने 88% लेकर अपनी 10वीं की परीक्षा पास की है। बता दे नीतीश के हौसलों के सामने अच्छे-अच्छे भी हार जाएं, नीतीश की पढ़ाई के प्रति लगन इसी बात से पता लगती है के सड़क के किनारे नीतीश के पिता साइकिल ठीक करने का काम करते हैं। वहीं पे रहते भी हैं, सड़क का शोर और काम का दबाव दोनों ही नीतीश को नहीं रोक पाया। नीतीश स्कूल से आने के बाद अपने पिता जी के साथ साइकिल ठीक करने का काम करता है, घर मे खाना बनाने में मदद करने उसके बाद रात को 3 से 4 घंटे पढ़ाई करता है, घर का खर्चा चलाने के लिए काम भी जरूरी है। आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई भी नीतीश का मानना है के वह एक दिन मेहनत करके आई.ए.एस ऑफिसर बनेगा और अपने पापा को एक अच्छा घर बनवा के देगा जिससे के सड़क के किनारे रहने से उनको निजात मिलेगी। ऐसे बच्चों के हौसलों को जो मिसाल है समाज में और हमें गर्व है के नीतीश हमारे पास एडॉप्टेड है जिसके लिए हम कुछ कर पा रहे हैं उसको पढ़ा पा रहे हैं।

**शिक्षा का साया जब सर पर हो, तो बच्चे खुद अपनी किस्मत लिखेंगे**





सुमित कुमार ने 10वीं में अपने स्कूल में 96% अंक हासिल कर 2वीं पॉजिशन हासिल की है। सुमित के पिता बिहार में मजदूरी करके बच्चों को पढ़ा रहे हैं। यहां सुमित अपने रिश्तेदारों के घर पे रह रहा है। पिता की मेहनत और लगन से सुमित बहुत इंस्पायर है। वह इंजीनियरिंग करके अपने पिता को वह सारी खुशी देना चाहता है। सुमित बताता है के माता की मृत्यु के बाद पिता ने ही बहुत मेहनत मजदूरी करके उनको पाला है। अब उनको अपने पिता का सपना पूरा करना है। सुमित हमारे परियोजना 'केयर' में है ऐसे बच्चों के मेहनत, लगन और अपने माता पिता की मेहनत के प्रति आदर-सम्मान की भावना ही उन्हें आगे ले जाती है। यह दोनों बच्चे मिसाल हैं के पैसे की कमी हो या फिर आस पास का माहौल या कोई भी परेशानी जिसे पढ़ाना है आगे बढ़ना है उसे कोई नहीं रोक सकता है। परियोजना 'केयर' टीम ने प्रिंसिपल शशि शर्मा का जिन्होंने हमेशा हमें सपोर्ट किया ताकि हम बच्चों की मदद कर पाएं।

### एआरओ ने लोगों से अपील की कि प्रलोभन की बजाय अपने विवेक से दें वोट

# नव मतदाता को एआरओ ने दिया मतदाता पहचान पत्र, दूसरों से की मतदान की अपील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़**

एआरओ एवं एसडीएम यश जालुका ने गांव गदौली के नवमतदाता निशांत को मतदाता पहचान पत्र देकर लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान करने का आह्वान किया। निशांत के मतदाता बनने पर एआरओ ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया। उन्होंने निशांत से कहा कि वह न केवल स्वयं बल्कि अपने परिजनों एवं आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदान बिना किसी प्रलोभन के व अपने विवेक से करें और इस बारे में भी मतदाताओं को जागरूक भी करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को हरियाणा में मतदान होगा। विधानसभा क्षेत्र में कुल 190957 मतदाता हैं। इनमें से पुरूष मतदाता 100924 व महिला 90023 हैं। थर्ड जेंडर 10 मतदाता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है व उनके पास एपिक कार्ड नहीं है तो भी वे चुनाव में वोट डाल सकते है। मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो।



**नारायणगढ़।** एसडीएम यशु जालूका नवमतदाता निशांत को मतदाता पहचान पत्र देते हुए।

जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और ये उसकी नैतिक जिम्मेवारी भी है।

यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मतदाता सीईओ हरियाणा की वेबसाइट पर अपने वोट की जानकारी त्वरित गति व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इसकी सहायता से वोटर अपना एपिक नंबर डाल कर बड़ी आसानी से अपना वोट चैक कर सकते हैं। यदि कोई अपना एपिक नंबर भूल गया है तो भी वह अपना नाम व पिता-पति आदि का नाम भरकर अपना वोट चैक कर सकता है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर विधानसभा अनुसार भी मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा, वोटर हेल्पलाइन नंबर- 1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चैक कर सकते हैं।

**चुनाव में मत का प्रयोग जरूर करें**

प्रशासन स्वीप एक्टिवीटी के माध्यम से मतदाताओं को पिछले कई दिनों जागरूक कर रहा है कि वे चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। युवा निशांत ने नवमतदाता बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह 25 मई को मतदान के दिन मतदान करने अवश्य जाएंगे। इस बारे में अपने युवा साथी मतदाताओं/परिजनों तथा गांव के मतदाताओं को भी जागरूक करेगा कि वे भी चुनाव में मतदान कर अपनी भागेदारी अवश्य निभाएं। उन्होंने बताया कि वह 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है तथा बीएएलएलबी कर रहा है। उसने ऑन लाइन प्रक्रिया के माध्यम से वोट बनवाने के लिए अपना फार्म भरा था। इस अवसर पर मौजूद निशांत के पिता अमित कुमार व माता राजरानी ने भी प्रसंता व्यक्त करते हुए उनके बेटा निशांत भी मतदान कर सरकार बनाने में अपना योगदान दे पाएगा।इस अवसर पर स्टैनों नवीन सैनी, चुनाव कार्यालय से सरताज, नीलम तथा अजय भसीन मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर झूठी व भ्रामक पोस्ट डालने वालो पर होगी कार्रवाई

- अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा ने सभी थाना प्रभारी को सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखने को कहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव 25 मई को होने निर्धारित है । चुनाव आयोग से मिले दिशा निर्देशों की अनुपालना में जिले में शांति एवं सौहार्द के वातावरण में चुनाव संपन्न करवाना पुलिस का परम दायित्व है। ऐसे अवसर पर असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का भी सहारा लेते है। सोशल मीडिया पर झूठे व भ्रामक पोस्ट डालकर व प्रचार करके आमजन को गुमराह कर सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते है । इस प्रकार की झूठ व सनसनी फैलाने वाली पोस्टों से समाज मे असंतोष की भावना को बढावा मिलता है। कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब होने की संभावना बनी रहती है।

रंधावा ने कहा कि ऐसे तत्व व्यक्तिगत तौर पर भी लोगों को उकसाने का प्रयास करते है । उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों से ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखने व खुफिया तंत्र को हाई अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसी भी प्रकार की फेक व लोगों में सनसनी फैलाने वाली पोस्टों पर सख्ती से अंकुश लगाने व ऐसी पोस्ट अथवा अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रामक व झूठी खबरों पोस्ट से क्षेत्र मे माहौल खराब होता है। कानून व्यवस्था के लिये भी खतरा पैदा होता है । रंधावा ने आमजन से भी अपील की है कि बिना सच्चाई जाने अफवाह फैलाने वाली किसी भी पोस्ट व वीडियो को फॉरवर्ड न करे व अफवाहों से बचें । उन्होंने कहा असामाजिक तत्व आमजन युवाओं व छात्रों को भी भ्रमित कर उन्हें भी गैर कानूनी कार्य करने के लिए उकसाते हैं ऐसे लोगों से सावधान रहे अपने बच्चो व परिवार का ख्याल रखें । उन्होंने जिले के सभी गांवों व शहरी इलाकों में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने की पुलिस की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए लोगों से भी सहयोग की अपील की है। सभी उप पुलिस अधीक्षकों को ये भी निर्देश जारी किया गए हैं कि सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार प्रसार को रोकने के लिए इस बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों व युवाओं को जागरूक किया जाए।

### व्यावसायिक प्रकाशन संबंधी आयामों की दी जानकारी

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना महिला कॉलेज परिसर में व्याख्यान का आयोजन कर कॉलेज छात्राओं को अनुसंधान विषय के चयन, प्रक्रिया का ढंग, एवं उसके व्यवसायिक प्रकाशन संबंधी विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुरु नानक कॉलेज यमुनानगर से विशेष रूप से पधारे प्रोफेसर डॉ संजय अरोड़ा ने व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुसंधान के मूल तत्वों और तथ्यों पर गहरी समझ और व्यावसायिक अभ्यास प्राप्त करने के अवसरों से अवगत करवाया।विस्तृत व्याख्यान में छात्रों को रिसर्च की विभिन्न प्रक्रियाओं, उपायों, और तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें महत्वपूर्ण रिसर्च संसाधनों के उपयोग की विधि भी समझाई गई।

## भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता तथा एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल पाली लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा नेत्री सोनिया परोचा के यहां पहुंचे। यहां पहुंचने भाजपा नेत्री ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने हलका मुलाना के विभिन्न गांवों से पहुंचे वाल्मीकि समाज के लोगों व अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों के जनप्रतिनिधियों से बातचीत की और लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष में चर्चा किया। यहां पहुंचने पर दोनों नेताओं को सोनिया परोचा ने शाल व गुरु रविदास का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सलिंदर झाड़ू माजरा, जसविंदर प्रोचा, प्रदेश महासचिव ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन, संतोष कुमारी सरपंच रुकड़ी, पालाराम सुरेंद्र कुमार, विनोद मुलाना, संदीप खोड़ा अध्यक्ष वाल्मीकि युवा सेवा दल, अनिल जोहर, गौरव डुलियाना, सतीश लोहट, राहुल कुमार प्रिंस कुमार चिरंजी लाल, अशोक मचल व अन्य उपस्थित रहे।



**बराड़ा।** एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते हुए भाजपा नेत्री।

## प्रतियोगिता में काशवी चौहान पहले स्थान पर




**बराड़ा।** कार्यक्रम में विजेता बच्चे।

**बराड़ा।** शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल बराडा में कलरिंग प्रतियोगिता का आयोज किया गया। इसमें शैम प्रैप जूनियर के बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों ने बहुत ही सुन्दर रंग किया। इसमें पहले स्थान पर काशवी चौहान, दूसरे स्थान पर माहिरा और तीसरे स्थान पर महप्रीत कौर रही। अविराज सिंह छाबड़ा ,जशन, राध्या जैसवाल, माहिर शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर उप - प्रधानाचार्या सुमन शर्मा ने सभी प्रतिभागियो को बधाई दी और जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

## रंग बिरंगी पोशाकों में छात्रों ने किया डांस

- डीएवी स्कूल में मदर्स डे पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

डीएवी स्कूल में कक्षा नर्सरी और यूकेजी के बच्चों को लेकर मदर्स डे सेलिब्रेट किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक अतिथि रूप में उपस्थित रहे। बच्चों ने रंग बिरंगी पोशाक में डांस किया। कार्यक्रम का प्रारंभ तिलक लगाकर पुष्प वर्षा के साथ हुआ। सभी मातृशक्ति के लिए अनेक गेम्स , कैटवॉक , सरप्राइज गेम को चुना गया था। बच्चों की सम्मानित माताओं ने अपने बच्चों को गोद में लेकर लोरी सुनाई और बढ़-चढक़र हर गेम में भाग लिया। पेरेंट्स के लिए एक क्विज का भी आयोजन किया गया था। प्रोजेक्टर पर मां संग बच्चे कार्यक्रम ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। मंच पर सब सभी ने गीत सुनाए अन्य प्रस्तुति दी और बहुत मनोरंजन किया। सुपर मां, एक्टिव मां स्मार्ट मां और ब्यूटीफुल मां को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि मां धरती पर प्रभु की सर्वोत्तम कृति है और बच्चे की प्रथम पाठशाला है प्रथम गुरु भी है। हम जो भी बच्चों को सिखाना चाह्ते है, पहले वो हम स्वयं करे। प्रत्येक दिवस ही मातृ दिवस होना चाहिए। हर मां के लिए अपने बच्चों से बढक़र कुछ नहीं होता। प्राचार्या ने आए हुए सभी अभिभावकों का विद्यालय में पधारने पर धन्यवाद किया।



**बराड़ा।** कार्यक्रम में विजेता बच्चे स्कूल स्टाफ के साथ।

## मेडिकल संकाय की छात्रा ऋभु ने सीएससी ऑलंपियाड के लिए किया क्वॉलीफाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहड़ी भानोखेड़ी की 12वीं मेडिकल की छात्रा ऋभु आभा ने सीएससी ओलंपियाड परीक्षा को क्वालीफाई करते हुए जोन-एक में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा के लिए देश को कुल 6 जोन में बांटा गया था। जोन-एक में हरियाणा, गुजरात, तामिलनाडु, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और केरल के बच्चों को शामिल किया गया था। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत देश भर में हजारों अटल सेवा केंद्र चलाने वाली कंपनी सीएससी के शैक्षिक प्रकल्प सीएससी अकादमी द्वारा फरवरी 2024 में आयोजित की गई। इस परीक्षा में देश के पांच हजार से अधिक स्कूलों के लगभग 8 लाख बच्चों ने भाग लिया था। विद्यालय के प्रिंसिपल रोहित रत्न ने बताया कि ऋभु आभा ने अभी दो दिन पहले सीबीएसई द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परिणाम में भी 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के मेडिकल संकाय में प्रथम स्थान हासिल किया है। सीएससी ओलम्पियाड की यह परीक्षा कक्षा एक से बारहवीं तक सभी कक्षाओं के लिए आयोजित होती है। परीक्षा में राष्ट्रीय और जोन स्तर पर पहले पांच- पांच स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ईनाम के तौर पर प्रशस्ति प्रमाण पत्र और स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। इस परीक्षा में जोन स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ऋभु आभा को स्नातक स्तर की शिक्षा प्राप्ति तक प्रतिवर्ष तीन हजार रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिला से इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाली ऋभु आभा एकमात्र विद्यार्थी है।





**अंबाला।** आलंपियाड में बाजी मारने वाली छात्राएं।

**अंबाला शहर के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होगी रैली**

# पीएम मोदी की रैली से बदलेंगे सियासी समीकरण

- कटारिया के प्रचार को मिलेगी संजीवनी
- एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा ने लिया सुरक्षा बंदोबस्तों का जायजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबाला लोकसभा से चुनावी शंखनाद करेंगे। मोदी 18 मई को अंबाला शहर के पुलिस लाइन मैदान में अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया और कुरुक्षेत्र से उम्मीदवार नवीन जिंदल के लिए वोट की अपील करेंगे। इसके बाद 23 मई को प्रधानमंत्री महेंद्रगढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा की ओर से पीएम मोदी की रैली को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। खुद पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा ने सुरक्षा बंदोबस्तों का जायजा लिया।

**शिक्षा मंत्री को दी प्रबंधन की जिम्मेदारी**

अंबाला शहर के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होने वाली रैली के प्रबंधन की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री कंवरपाल देखेंगे। सुभाष बराला ने बताया कि 15 मई को माता रानी चौक जंडली अंबाला शहर में उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी व हरियाणा सरकार में परिवहन व महिला एवं बाल विकास मंत्री श्री असीम गोयल अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 मई को दोपहर लगभग 12 बजे अंबाला शहर के पुलिस लाईन मैदान में विशाल रैली को संबोधित करेंगे।

### भाजपा नेताओं की हुई मीटिंग

बीते रोज पीएम नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर भाजपा नेताओं की अहम मीटिंग हुई। इस मीटिंग में शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर के साथ परिवहन मंत्री असीम गोयल व अंबाला, पंचकुला व यमुनानगर के जिलाध्यक्ष समेत कई नेता मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों से रैली में भीड़ जुटाने की रणनीति बनाई गई। इसके लिए सभी नेताओं की ड्यूटियां लगाई गई हैं। तय समय पर सभी नेताओं को भीड़ मैदान में लेकर पहुंचने के आदेश दिए गए हैं।

**रैली से भाजपा प्रत्याशी को मिलेगी संजीवनी**

अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को लगातार किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से भाजपा प्रत्याशी समेत सभी नेता परेशान हैं। किसान जगह जगह भाजपा प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। एक जगह तो कटारिया को हाथ जोड़कर अपनी जान छुड़ानी पड़ी। मगर अंबाला लोकसभा में पीएम नरेंद्र मोदी की रैली होने से कटारिया को संजीवनी मिलना तय है। इस रैली को लेकर भाजपा नेताओं के हौसले भी बुलंद नजर आ रहे हैं। इसके अलावा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी भी भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।